प्रादेशिक समाचार

25.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में ऑपरेशन सिंदूर को बताया राष्ट्र का संकल्प, लोगों से स्वदेशी उत्पाद अपनाने का किया आग्रह, योग दिवस, खेलो इंडिया यूथ गेम्स का भी किया उल्लेख।

2. झारखंड समेत देशभर में लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना, गिरिडीह के कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री का पत्र मिलने पर जताया आभार।

3. जमशेदपुर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में हुए शामिल, कहा– भारत तकनीकी और शोध के क्षेत्र में बना रहा वैश्विक पहचान।

4. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सरायकेला में संगठन सृजन को लेकर की बैठक, सरना धर्म कोड पर कहा– जरूरत पड़ी तो जंतर–मंतर तक जाएंगे।

5. आईपीएल टी 20 में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच खेल जारी, अब से कुछ ही देर में सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स होंगे आमने–सामने ।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है।

प्रधानमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति से देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की भावना भरी और देश को तिरंगे से सराबोर कर दिया।

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष भी योग दिवस के बारे में दुनियाभर में लोगों का जोश और उत्साह नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों से इस वर्ष भी योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में पहले खेलो इंडिया यूथ गेम्स बहुत सफल रहे और इसमें कुल 26 रिकार्ड बने।

********************

झारखंड समेत देशभर में लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना।

सरायकेला जिले के सभी शक्ति केंद्रों में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इधर, गिरिडीह जिले में भी आज आम लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात का 122वां संस्करण उत्साहपूर्वक सुना। गिरिडीह विधानसभा के कठवारा बूथ पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री द्वारा पत्र मिलने पर कार्यकर्ता मनोज शंघाई ने आभार प्रकट किया।

********************

जमशेदपुर में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि भारत अब तकनीकी और शोध के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना रहा है और उद्योगों के विस्तार में आत्मनिर्भर हो चुका है। उन्होंने बड़े सपने, बड़ा काम का संदेश देते हुए व्यापक सोच की आवश्यकता बताई। साथ ही उन्होंने व्यापार–हितैषी नीतियों और केंद्र–राज्य के बीच संवाद बनाए रखने पर ज़ोर दिया।

********************

दुनिया भर में आज विश्व थायराइड दिवस मनाया जा रहा है। थायराइड विकृति के बारे में जागरूकता फैलाने और शुरू में ही इसके निदान और प्रबंधन को प्रोत्साहन देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें थायराइड संबंधी किसी भी संदिग्ध स्थिति में चिकित्सा सहायता लेने की याद दिलाता है।

********************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश आज सरायकेला पहुंचे और संगठन सृजन 2025 को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रखंड और मंडल स्तर पर नई कमेटियों का गठन किया जा रहा है जिसमें सामाजिक समरसता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सरना धर्म कोड को लेकर उन्होंने कहा कि आंदोलन निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है और आवश्यकता पड़ी तो जंतर–मंतर तक जाएंगे।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन ने चाईबासा में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया है। सड़क जाम और आवागमन की समस्या को देखते हुए कई इलाकों में पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को हटाया। सदर थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि दुकानदारों को पहले ही मना किया गया था, फिर भी उन्होंने सड़कों पर सामान रखा था। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

********************

हजारीबाग जिले में सब्जी के साथ फूलों की उपज कर संपन्न बन रहे हैं।

********************

आईपीएल टी 20 में गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला अहमदाबाद में जारी है। पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने पांच विकेट खोकर 230 रन बनाए। ताजा जानकारी मिलने तक गुजरात टाइटन्स ने 17  ओवर में 8 विकेट खोकर 141 रन बनाए।
आज शाम होने वाले दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स आमने–सामने होंगे। यह मैच अब से कुछ ही देर में दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा।

******समाप्त*******